आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

हिमाचल चुनाव

प्रदेश में कांग्रेस पार्टी युवा चेहरों को चुनाव मैदान में उतार सकती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बताया पार्टी चारों सीटों पर नए प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन में काम करने वाले और जीतने की क्षमता रखने वाले प्रत्याशी ही चुनाव में उतारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों को लेकर चर्चा हो गई है। इनके नाम का ऐलान नामांकन शुरू होने से एक सप्ताह पहले हो जाने की उम्मीद है।

दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 7 मई को जारी होगी। मतदान पहली जून को होगा और मतगणना 4 जून को होगी।

कंगना रणौत

मंडी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रणौत ने भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा उन पर विश्वास जताने के लिए आभार जताया। कंगना रणौत कल अपने पैतृक घर मंडी के भांबला पहुंची और दबोही स्थित अपनी कुलदेवी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि वह जनता के बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन–2047 को लेकर जाएंगी। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही क्षेत्र में चुनाव प्रचार में उतरेंगी। उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र में कई समस्याएं हैं जिनकों लेकर वे लोगों के बीच जाएंगी व आने वाले समय में उनके समाधान के लिए कार्य किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में कंगना ने कहा कि अदाकारी और राजनीति में यदि काम मिलता रहे तो लंबे समय तक कार्य किया जा सकता है।

चुनाव आयोग

चुनाव आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव निकाय ने ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर जोर दिया है और डबल–साइड प्रिंटिंग और लेआउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने इस लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कम्युनिकेशन करने को कहा है। पर्यावरण–अनुकूल चुनावों के लिए चुनाव कार्य में लगे कर्मियों के साथ–साथ राजनीतिक दलों को भी एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से पूरी तरह से बचने के निर्देश दिए है। चुनाव के दौरान कचरे के संग्रह की समुचित व्यवस्था के भी आदेश दिए गए हैं। हर प्रकार के कचरे के निपटान की सुविधा भी सुनिश्चित करना को कहा गया है। सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग के अलावा चुनाव आयोग ने पर्यावरण–अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देना और कारपूलिंग

को प्रोत्साहित करने का भी आदेश जारी किया है। इसके अलावा चुनाव के दौरान कर्मियों और मतदाताओं द्वारा तय की जाने वाली दूरी को कम करने पर बल दिया है। राजनीतिक दलों से यह कहा गया है कि चुनाव प्रचार के कार्यक्रमों में नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करें।

शतरंज प्रतियोगिता

धर्मशाला में 29 मार्च से 4 अप्रैल तक पुरुष वर्ग की 43वीं और महिला वर्ग की 21वीं राष्ट्रीय टीम शतरंज प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें देश के करीब 25 राज्यों के ग्रैंड मास्टर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में 200 से अधिक ग्रैंड मास्टर और दूसरे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 9 राउंड में होने वाली शतरंज प्रतियोगिता में पहले दस स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग में पहला स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी को सवा लाख–सवा लाख की राशि दी जाएगी। दूसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 75 हजार रूपए देकर सम्मानित किया जाएगा।

उपायुक्त लाहौल स्पीति

जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने कल दारचा, स्टिंगरी तांदी, सिसु व अटल टनल तक दौरा किया व विभिन्न गठित उड़ान दस्तों की कार्यप्रणाली का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त राहुल कुमार ने लाहौल में सिसु तक पर्यटकों के बढ़ती आमद को लेकर यातायात प्रबंधन का भी निरीक्षण किया और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुचारु व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्टिंगरी में सीमा सड़क संगठन के ऑफिसर कमांडिंग मेजर रवि शंकर व अधिकारियों के साथ भी सड़क व्यवस्था का भी ब्यौरा लिया और सीमा सड़क संगठन के कर्म योद्धाओं के साथ मिठाई बांटकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी।

विश्वविद्यालय–परीक्षा

प्रदेश भर के लगभग 135 महाविद्यालयों में 28 मार्च से वार्षिक सिस्टम के तहत स्नातक स्तर की परीक्षाएं शुरू होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रदेश में 157 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में जहां सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी, वहीं विश्वविद्यालय की ओर से गठित उड़नदस्ते भी परीक्षा केंद्रों का दौरा करेंगे। परीक्षाएं सुबह और शाम के सत्र में आयोजित होगी। ये परीक्षाएं 8 मई तक चलेंगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। प्रदेश के कई भागों में पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 28 से 31 मार्च तक मध्य और उच्च पर्वतीय कई स्थानों पर बारिश बर्फबारी की संभावना है। वहीं निचले और मैदानी भागों में बारिश के आसार हैं। इस दौरान कई स्थानों पर अंधड़ चलने और ओलावृष्टि के येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।